Bareilly, Wednesday,
8 September 2021
BAREILLY EDITION
Price 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 04 : Middle

पोस्टर प्रतियोगिता में नर्सिंग की हरलीन को पहला स्थान

एसआरएमएस में राष्ट्रीय नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े के अंतिम दिन हुई पोस्टर प्रतियोगिता

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (7 Sept): राष्ट्रीय नेत्रदान जागरुकता पखवाड़े के तहत श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में ट्यूजडे को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. इसमें नर्सिंग की छात्रा हरलीन कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया. कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने उन्हें ट्रॉफी प्रदान की. 2018 बैच की विपक्षा को सेकेंड प्राइज दिया गया. इस प्रतियोगिता में नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्रों ने भाग लिया.

अवेयरनेस के लिए था प्रोग्राम

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहा कि प्रति वर्ष लाखों लोग किसी न किसी वजह से नेत्रहीन हो जाते हैं. उन्हें ठीक करने के लिए हर वर्ष लगभग ढाई लाख कार्निया की जरूरत होती है. लेकिन इतनी बड़ी संख्या में लोग नेत्रदान करने सामने नही आ पाते. ऐसे में नेत्रदान को बढ़ावा देने की जरूरत है. लोगों को जागरूक करने की जरूरत है. इसके लिए किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके परिवारजनों की ब्रीफ काउंसलिंग करनी चाहिए, जिससे वह परिवार नेत्रदान के लिए आगे आ सके. इस मौके पर डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा ने बताया कि एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज हमेशा से नेत्रदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करता रहा है.